दिनांकः 06.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत की सौर ऊर्जा क्षमता पिछले दस सालों में 32 गुना बढ़ी–पहले अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव को किया संबोधित।
- राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 108 अधिकारियों के किये तबादले–कई जिलों के कलेक्टर बदले गए।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश का दौर–बीसलपुर बांध के गेट आज खोले जाने की संभावना।
- गणेश चतुर्थी पर्व के उपलक्ष में सवाईमाधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मेले और जयपुर में मोती डूंगरी गणेश मेले की आज से शुरूआत।

...............

भारत की सौर ऊर्जा क्षमता पिछले दस सालों में 32 गुना बढ़ गई है। इस गति से देश को 2030 तक 500 गीगा वॉट गैर–जीवाश्म क्षमता हासिल करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले, अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। दो दिवसीय यह महोत्सव नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में हरित ऊर्जा के क्षेत्र में कई बड़े कदम उठाए हैं और भारत नवीकरणीय ऊर्जा में पेरिस प्रतिबद्धताओं को हासिल करने वाला पहला जी–20 राष्ट्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2015 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन–आईएसए, नीति और कार्रवाई को प्रेरित करने वाले एक विशाल वृक्ष के रूप में विकसित हो रहा है और कुछ ही समय में इसकी सदस्यता सौ देशों तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि 19 और देश पूर्ण सदस्यता प्राप्त करने की ओर बढ रहे हैं। यह बताता है कि इस संगठन का विकास एक विश्व, एक सूर्य की दृष्टि के लिए महत्वपूर्ण है।

...............

राज्य सरकार ने कल देर रात एक आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के 108 अधिकारियों के तबादले किये हैं। कई महत्वपूर्ण विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रमुख शासन सचिव बदले गए हैं। कई जिलों के कलेक्टरों को भी बदला गया है। हाल ही में राजस्थान प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत हुए अधिकारियों को भी नियुक्ति दी गई है। वरिष्ठ अधिकारी शुभ्रा सिंह को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। श्रेया गुहा को ग्रामीण विकास विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजेश यादव को साहित्य शासन विभाग का प्रमुख शासन सचिव तथा गायत्री राठौर को चिकित्सा विभाग का प्रमुख शासन सचिव बनाया गया है। जितेंद्र सोनी को जयपुर जिला कलेक्टर लगाया गया है साथ ही उन्हें जयपुर ग्रामीण तथा दूदू जिले के कलेक्टर का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

...............

राज्य सरकार ने ''मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना'' का नाम बदलकर अब ''पन्नाधाय बाल गोपाल योजना'' कर दिया है। इस संबंध में मिड डे मील योजना आयुक्त विश्व मोहन शर्मा ने आदेश जारी किये हैं। इस योजना के तहत प्री प्राइमरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों को मिल्क पाउडर से दूध तैयार कर उपलब्ध कराया जाता है। श्री शर्मा ने बताया कि योजना के शेष प्रावधान पहले जैसे रहेंगे। इस योजना के तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों और मदरसों में कक्षा आठवीं तक पढ़ने वाले 70 लाख विद्यार्थियों को रोजाना मिल्क पाउडर से दूध तैयार कर पिलाया जाता है।

...............

गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश के लिए राज्य में चलाए जा रहे उल्लास अभियान के तहत पुलिस ने एक महीने में 3 हजार 826 गुमशुदा महिला और पुरुषों को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भूपेंद्र साहू ने बताया कि गुमशुदा व्यक्तियों के पेंडिंग मामलों में कमी लाने के उद्देश्य से पिछले महीने 1 अगस्त से 31 अगस्त तक विशेष अभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया।

इसके लिए विस्तृत दिशा–निर्देश जारी करते हुए अभियान में तकनीकी सहायता के लिए जिला स्तरीय साइबर सेल को भी जोड़ा गया। इसके साथ ही जिला और थाना स्तर पर टीमों का गठन किय गया।

...............

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश का दौर जारी है। कल जयपुर सहित करीब कई शहरों में तेज बारिश हुई। बूंदी, भीलवाड़ा और शाहपुरा में तेज बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया। सड़कों और निचले इलाकों में पानी भर गया। जयपुर में कल शाम शुरू हुआ तेज बारिश का दौर रात तक जारी रहा। इससे जलभराव की स्थिति पैदा हो गई और यातायात प्रभावित हुआ। सवाईमाधोपुर में तेज बारिश के चलते एक मकान ढह गया। मलबे में दबने से एक युवक की मौत हो गई। बूंदी में कई जगह पर अच्छी बारिश हुई। तेज बारिश के चलते प्रदेश के कई बांध ओवर फ्लो हो चुके है। टोंक के बीसलपुर बांध में पानी की लगातार आवक बनी हुई है। इसका जलस्तर 315 दशमलव चार आठ आर एल मीटर हो गया है। बांध की कुल भराव क्षमता 315 दशमलव पांच आर एल मीटर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज इसके गेट खोले जाने की संभावना है।

...............

मौसम विभाग के अनुसार आज नागौर, पाली, भीलवाडा, राजसमंद, भरतपुर, अलवर और बूंदी जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

...............

और अब खबरें पेरिस पैरालिम्पिक्स की –

पैरालिम्पिक्स में कल कपिल परमार ने पुरुषों की जे–1 जूडो स्पर्धा के 60 किलोग्राम वर्ग में ब्राजील के एलील्टन डी ओलिवेरा को हराकर कांस्य पदक जीता। यह जूडो में भारत का पहला पदक है। कपिल परमार के ऐतिहासिक कांस्य से भारत, 5 स्वर्ण, 9 रजत और 11 कांस्य सहित कुल 25 पदक जीतकर पदक तालिका में 16वें स्थान पर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कपिल परमार को कांस्य पदक जीतने बधाई दी है। पैरालिम्पिक्स खेलों के नौवें दिन आज पावरलिफ्टिंग में, कस्तूरी राजमणि महिलाओं के 67 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में चुनौती पेश करेंगी। वहीं, एथलेटिक्स में, प्रवीण कुमार पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धाओं में दावेदारी पेश करेंगे। दीपेश कुमार भी पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में उतरेंगे।

...............

कल मनाए जाने वाले गणेश चतुर्थी पर्व के उपलक्ष में प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। कई स्थानों पर मेले भर रहे हैं। जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में आज से मेला भर रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। डीसीपी यातायात सागर राणा ने बताया कि कल मेला समाप्ति तक, त्रिमूर्ति सर्किल से जेडीए चौराहा, तख्तेशाही रोड और धर्मसिंह सर्किल से गणेश मंदिर की ओर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों से चलाया जाएगा। उधर, सवाईमाधोपुर का त्रिनेत्र गणेश मेला भी आज से विधिवत रूप से शुरू हो गया है। तीन दिन तक भरने वाले मेले में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

...............